NATIONAL SERVICE SCHEME

(Ministry of Youth Affairs & Sports, Govt. of India)

PATNA UNIVERSITY

PATNA- 800 005

No. .... Date 1/5/19

"उन्नत भारत अभियान" के तहत् पटना विश्वविद्यालय के कुलपति का गावों का दौरा

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित उन्नत भारत अभियान के तहत् पूरे देश मे शैक्षणिक संस्थानों के सक्रिय सहयोग से गाँवो के विकास एवं उत्थान के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी संदर्भ मे पटना विश्वविद्यालय ने जिला प्रशासन के सहयोग से पाँच गावों का चयन किया है। चयनित गावों की वस्तुस्थिति एव स्थानीय लोगों से इस विषय पर विचार विमर्श हेतु पटना विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 रास बिहारी प्रसाद सिंह के नेतृत्व मे सम्पतचक प्रखण्ड के चिपुरा पंचायत के अन्तर्गत बहुआरा गाँव का भ्रमण किया। गाँव के मध्य विद्यालय मे एकत्रित गाँव वासियो के साथ विस्तार से विकास की योजनाओ पर विचार किया गया। कुलपति महोदय ने कहा कि विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं छात्र सयुक्त रूप से गाँवो के विकास मे वैयज्ञानिक बौद्धिक एवं तकनीकि रूप से सहयोग करेंगे। पटना विश्वविद्यालय उन्नत भारत अभियान के समन्वयक प्रो0 अतुल आदित्य पाण्डेय ने बताया कि दूसरे चरण मे बहुआरा गाँव का प्राथमिक सर्वेक्षण विद्यार्थियो के द्वारा किया जायगा। सर्वेक्षण के पश्चात् शिक्षा, स्वास्थ, उर्जा, जल, कृषि इत्यादि विषयों मे से दो विषयों को चिन्हित कर उसके विकास के लिए सतत प्रयास किया जायगा। माननीय कुलपति महोदय ने यहाँ घोषित किया कि विश्वविद्यालय द्वारा मध्य विद्यालय को कम्प्यूटर दिये जायेंगे एवं वहाँ के दो शिक्षको को प्रशिक्षित कर ग्रामीण बालक / बालिकाओ को कम्प्यूटर साक्षर बनाया जायगा। कार्यक्रम में पटना विश्वविद्यालय के कुलसचिव कर्नल मनोज मिश्रा ने विश्वविद्यालय द्वारा हर सभव जरूरतो को पूरा करने का आश्वासन दिया। गाँवो के भ्रमण दल मे प्रो0 दिनेश कुमार कमल, ग्रामीण अध्यन पाठ्यक्रम छात्रो के साथ डॉ0 त्रिपुजय कुमार उपस्थित थे। विश्वविद्यालय के दल ने सम्पतचक प्रखण्ड की अंचलाधिकारी श्रीमती उषा कुमारी एवं बहुआरा के मुखिया श्री सतीश कुमार से विस्तार पूर्वक कार्ययोजना के विषय मे चर्चा किया। इन लोगों से उन्नत भारत अभियान को सफल बनाने में सहयोग की कामना की। अगले चरण मे दानापुर, मनेर, फुलवारी प्रखडों के चयनित गाँवों का दौरा किया जायगा।

प्रो0 अतुल आदित्य पाण्डेय
समन्वयक
उन्नत भारत अभियान
पटना विश्वविद्यालय, पटना।

पटना विश्वविद्यालय
उन्नत भारत अभियान 2.0
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार)

पटना विश्वविद्यालय
उन्नत भारत अभियान 2.0
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार)
UNNAT BHARAT ABHIYAN

सम्पतचक पटना- 800007

राजकीय मध्य विद्यालय बहुआरा
सम्पतचक पटना-800007
कार्यालय
पटना विश्वविधालय
उन्नत भारत अभियान 2.0
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार)

र्यालय